अध्यापक भर्ती परीक्षा देने जयपुर पहुंची महिला शिक्षक समेत 12 फर्जी अभ्यर्थी गिरफ्तार

सोडाला पुलिस ने 7, आमेर पुलिस ने 2, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा व चित्रकूट पुलिस ने एक-एक फर्जी अभ्यर्थी दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी जयपुर में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान जयपुर पुलिस ने महिला शिक्षक सहित 12 फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है। सोडाला पुलिस ने सात, आमेर पुलिस ने दो, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा व चित्रकूट पुलिस ने एक-एक फर्जी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है।

मुरलीपुरा पुलिस ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक परीक्षा में परीक्षा दे रही एक फर्जी महिला अभ्यार्थी को गिरफ्तार कर उसके पास से फर्जी आधार कार्ड व प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी वन्दिता राणा ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने थाना इलाके के सूर्य नगर स्थित प्रिन्स स्कूल में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक परीक्षा (रीट लेवल-1) मैन परीक्षा में एक महिला फर्जी अभ्यार्थी संगीता बिश्नोई (33) निवासी रानीवाड़ा जालौर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास फर्जी आधार कार्ड, प्रवेश पत्र बरामद किए गए हैं। आरोपी महिला संगीता बिश्नोई प्रथम लेवल अध्यापक के पद पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुराना पावर हाउस सांचौर जिला जालौर में पदस्थापित है।

अभ्यार्थी संगीता बिश्नोई ने अपने नंदोई भजनलाल बिश्नोई के कहने पर उसकी जानकार मंजू बिश्नोई के स्थान पर डमी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देना स्वीकार किया है। इस परीक्षा को देने के लिए उसके ननदोई भजनलाल बिश्नोई ने 10 से 15 लाख रुपये तक देने की तय की गई थी। फर्जी महिला अभ्यार्थी संगीता बिश्नोई से इस गिरोह के नेटवर्क में उसके साथ कौन-कौन जुड़े हुए है,।जिसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

वहीं सोडाला पुलिस ने 7 फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आरोपी धौलपुर निवासी अरूण कुमार गुर्जर, श्री निवास गुर्जर, विनोद गुर्जर, भीमसेन गुर्जर, अजय गुर्जर, प्रेमलाल गुर्जर और विजय सैनी निवासी झुंझुनूं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रहीं है।

वहीं सोडाला पुलिस ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा (रीट लेवल-1) से पहले ही कार्रवाई करते हुए दो मूल, एक डमी परीक्षार्थी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 35 हजार रुपये की नकदी, एडिटिंग किए गए आधार कार्ड सहित प्रवेश पत्र बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अरुण कुमार गुर्जर (24) निवासी बाड़ी धौलपुर,श्रीनिवास गुर्जर(38) निवासी बाड़ी जिला धौलपुर, विनोद गुर्जर(25)निवासी मोरोली जिला धौलपुर,भीमसेन गुर्जर(40) निवासी मनिया जिला धौलपुर, अजय गुर्जर(24) निवासी बाडी जिला धौलपुर, विजय कुमार सैनी(28) निवासी उदयपुरवाटी जिला झुंझुनू और प्रेमपाल गुर्जर(27)निवासी बाड़ी धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने 35 हजार रुपये की नकदी,एडिटिंग किए गए आधार कार्ड सहित प्रवेश पत्र बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

इसी प्रकार आमेर पुलिस ने मेहंदी का बास स्थित सरकारी स्कूल में शनिवार सुबह थर्ड ग्रेड भर्ती परीक्षा की पहली पारी में मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देते हुए फर्जी अभ्यर्थी को पकड़ा। आरोपित मूल प्रतिभागी राजूराम की जगह महेंद्र कुमार जाट परीक्षा देने पहुंचा था। चेकिंग के दौरान संदेह होने पर गहनता से पूछताछ की गई। इस दौरान फर्जी अभ्यर्थी का खुलासा हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं चित्रकूट पुलिस ने श्रीमती कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हीरापुरा में आयोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापक परीक्षा (रीट लेवल-1) मुख्य परीक्षा में एक फर्जी परीक्षार्थी रामजीवन बिश्नोई जिला सेड़वा बाड़मेर हाल मधुबन जोधपुर को मूल परीक्षार्थी विजेन्द्र कुमार निवासी चितलवाना जालोर के स्थान पर परीक्षा देते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड व प्रवेश पत्र बरामद किया।

इसी तरह झोटवाड़ा पुलिस ने मूल परीक्षार्थी की जगह पर परीक्षा देने पहुंचे डमी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि झोटवाड़ा पुलिया के नीचे राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में रीट लेवल-1 की परीक्षा देने फर्जी अभ्यर्थी महेन्द्र सिंह विश्नोई निवासी बागोडा (जालौर) पहुंचा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली तो तुरंत उडनदस्ते के साथ पुलिस स्कूल में पहुंची, जहां आरोपी महेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि उसने किसी दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने के बदले 6 लाख रुपये में सौदा तय किया था, इसमें से कुछ रकम उसे एडवांस ले ली थी। शेष रकम परीक्षा देने के बाद ली जानी थी। पुलिस आरोपी से मूल अभ्यर्थी और उसके गिरोह के बाकी लोगों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

इधर राजधानी के सांगानेर इलाके में पुलिस कंट्रोल रूम को थर्ड ग्रेड परीक्षा में एक सेंटर पर व्हाट्सएप के जरिए पेपर हल करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही सांगानेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अधिकारी और टीम ने पूरे सेंटर पर सर्च अभियान चलाया। जांच पड़ताल करने के बाद व्हाट्सएप के जरिए पर पेपर हल करने वाली सूचना झूठी पाई गई।

सोडाला पुलिस ने रीट भर्ती परीक्षा से पहले शनिवार को सात डमी परीक्षार्थियों को पकड़ा।

मुरलीपुरा पुलिस ने फर्जी महिला अभ्यार्थी को गिरफ्तार किया।

चित्रकूट पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी रामजीवन को पकड़ा।

आमेर पुलिस ने अभ्यर्थी राजू व डमी महेन्द्र को पकड़ा।

झोटवाड़ा पुलिस ने फर्जी अभ्यर्थी महेन्द्र सिंह को पकड़ा।

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, प्रवेश पत्र व अन्य दस्तावेज बरामद किए
- सांगानेर स्कूल में व्हाट्सएप के जरिए पेपर हल करने की सूचना पुलिस जांच में झूठी निकली

जयपुर में इंटरनेट पहली पारी में चालू, दूसरी में बंद

- जयपुर कमिश्नरेट व अलवर की चार तहसीलों में आज भी सुबह 6 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा इंटरनेट
- जयपुर में पहली पारी में 82.44 फीसदी व दूसरी में 94.82 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

जयपुर। अजमेर व भरतपुर सहित प्रदेशभर में शनिवार को अध्यापक भर्ती परीक्षा के दौरान कई जिलों में इंटरनेट बंद किया गया। हालांकि जयपुर संभाग में सुबह साढ़े नौ से 12 बजे तक पहली पारी में इंटरनेट चालू रहा। इसके बाद आदेश जारी होने पर इससे दूसरी पारी में बंद किया गया।

जयपुर संभागीय आयुक्त की ओर से दोपहर करीब 12 बजे इंटरनेट बंद का आदेश जारी किया गया। जिसमें जयपुर कमिश्नरेट के सभी थाना इलाको में सुबह 6 से शाम 6 बजे तक इंटरनेट को बंद करने के आदेश जारी किए गए। यह आदेश 25 व 26 जनवरी के लिए जयपुर कमिश्नरेट व अलवर की चार तहसीलों के लिए जारी किए गए। लेकिन जब तक यह आदेश संभागीय आयुक्त प्रकाश राजपुरोहित की ओर से जारी किए गए, तब तक पहली पारी की परीक्षा आयोजित हो चुकी थी। दोपहर तीन बजे से शुरू हुई दूसरी पारी में शाम 6 बजे तक इंटरनेट बंद किया गया। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी पुलिस सुरक्षा देखी गई। परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों को कड़ी जांच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

पहली पारी की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12 बजे तक हुई जिसमें कुल 2 लाख 12 हजार 342 अभ्यार्थी पंजीकृत किए गए थे। इसमें से 92:63 फीसदी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं राजधानी जयपुर में 82.44 फीसदी अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रदेश के 11 जिलों में परीक्षा का आयोजन किया गया, प्रदेश में पहली पारी में परीक्षा के लिए कुल 2 लाख 12 हजार 342 अभ्यार्थी पंजीकृत किए गए थे। जिसमें से 1 लाख 96 हजार 696 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी और 15 हजार 646 अनुपस्थित रहे। वहीं राजधानी जयपुर में 65 हजार 890 परीक्षार्थी पहली पारी की परीक्षा के लिए पंजीकृत किए गए थे। जिसमें से 54 हजार 320 परीक्षा में शामिल हुए और अनुपस्थिति 11 हजार 570 रही।

इसी प्रकार दूसरी पारी दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक हुई। दूसरी पारी में प्रदेश भर में 94.82 फीसदी अभ्यार्थी शामिल हुए, वहीं राजधानी जयपुर में 92.02 फीसदी अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पारी में परीक्षा के लिए कुल 1 लाख 93 हजार 234 अभ्यार्थी पंजीकृत किए गए थे, जिसमें से 1 लाख 83 हजार 233 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी और 10 हजार 1 अनुपस्थित रहे। वहीं राजधानी जयपुर में 67 हजार 24 परीक्षार्थी दूसरी पारी की परीक्षा के लिए पंजीकृत किए गए थे, जिसमें से 61 हजार 678 परीक्षा में शामिल हुए और अनुपस्थिति 5 हजार 346 रही।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 25 फरवरी से 01 मार्च तक प्राथमिक (लेवल-प्रथम) एवं उच्च प्राथमिक (लेवल-द्वितीय) विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 का आयोजन कुल 9 पारियों में किया जा रहा है। जिसमें कुल 3 लाख 69 हजार 744 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

परीक्षा के आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था एवं यातायात के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जयपुर शहर में चार अस्थाई बस स्टैंड बनाये गए हैं। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड टोंक रोड स्थित तारों की कूंट, अजमेर रोड स्थित बदरवास नारायण विहार तिराहा, सीकर रोड स्थित विद्याधर नगर स्टेडियम पर अस्थाई बस स्टैंड बनाए गए हैं।

प्रदेश में शनिवार को कोई नया संक्रमित नहीं मिला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में शनिवार को कोई भी नया करोना संक्रमित नहीं मिला है। वहीं इस बीच एक मरीज के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 8 रह गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना का कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया है। इससे पहले शुक्रवार को राज्य में दो मरीज मिले थे। इधर राजधानी जयपुर में आज भी लगातार बारहवें दिन कोई नया संक्रमित नहीं पाया गया है। जिले में शनिवार को एक मरीज के ठीक होने से फिलहाल कोई भी एक्टिव केस नहीं बचा है। जयपुर में अब न कोई नया संक्रमित है और न ही एक्टिव केस मौजूद है। उधर प्रदेश में इस बीच एक मरीज के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 8 रह गए हैं। इनमें उदयपुर में 4, अजमेर में 2, हनुमानगढ़ व राजसमंद में 1-1 मामला है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है।

भाजपा युवा मोर्चा का एलान वसुंधरा खेमे की गलफांस बना

4 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सालासर बालाजी में जन्मदिन मना रही है और अपनी राजनैतिक ताकत भी दिखाना चाहती हैं

- इधर भाजपा युवा मोर्चा भी 4 मार्च को ही विधानसभा का घेराव करेगा, पेपर लीक जैसे ज्वलंत मुद्दे पर।
- अब वसुंधरा समर्थक नेता दुविधा में हैं कि, सालासर जाएं या फिर विधानसभा के घेराव में पहुंचे।

जयपुर। पेपर लीक, बढ़ते अपराध और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा 4 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी। और इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी सालासर में अपना जन्मदिन मना रही है। जन्म दिन कार्यक्रम में प्रदेश भर से नेताओं को बुलाया जा रहा है। वसुंधरा समर्थक नेताओं का कहना है कि भव्य स्तर पर जन्म दिन मनाया जाएगा, जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा मे आई भीड़ से भी ज्यादा लोगों बुलाने की योजना है, लेकिन अब भाजपा संगठन की ओर से 4 मार्च को ही विधानसभा घेराव का कार्यक्रम रखा गया।

जानकारी के अनुसार विधानसभा घेराव में पार्टी संगठन की सभी शाखाएं शामिल हो सकती हैं। इसके लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह मोर्चा अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर आगे की रुपरेखा तय करेंगे। प्रदेश के वसुंधरा समर्थक नेताओं के लिए समस्या हो गई कि वे संगठन के कार्यक्रम में जाए या फिर वसुंधरा राजे के जन्मदिन के कार्यक्रम में जाए। वही वसुंधरा के जन्मदिन में शामिल होने वाले नेताओं पर प्रदेश संगठन की कड़ी नजर है। युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशू शर्मा ने कहा कि इस प्रदर्शन से पहले जिलों में मोटर साइकिल, रैली सहित अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। पूरे प्रदेशभर से मोर्चा पदाधिकारी विधानसभा घेराव में शामिल होंगे। कई अन्य बड़े नेता भी इस घेराव में हिस्सा लेंगे। शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 17 लाख 38 हजार 750 रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं। सरकार ने हर साल 2 लाख बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा किया था। प्रदेश में युवा संबल योजना में 37 हजार 418 आवेदन मिले हैं, लेकिन 1 लाख से ज्यादा को प्रशिक्षण कराने की सूचना दी जा रही है। यह सीधा-सीधा फर्जीवाडा है। सरकार के इस फर्जीवाड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना चाहिए।

शिक्षक भर्ती की परीक्षा में रोडवेज फेल, रात तक परेशान हुए अभ्यर्थी

- ट्रेफिक जाम के कारण सड़कों पर दिनभर रैंगते रहे वाहन, लोग परेशान

जयपुर (कासं)। शिक्षक भर्ती परीक्षा के पहले दिन ही राजस्थान रोडवेज की सांस फूल गई। रोडवेज की ओर से जयपुर शहर में बनाए गए अस्थाई बस स्टैंडों पर रात तक अभ्यर्थियों की भीड़ जुटी रही। राजधानी जयपुर की सड़कों पर अलसुबह से देर शाम तक भारी ट्रेफिक जाम लगा रहा। दिनभर वाहन रैंग-रैंगकर चलते रहे।

खाटूश्यामजी मेला और परीक्षा एक साथ होने से बसों की कमी हर तरफ नजर आई। केन्द्रीय बस स्टैंड सिंधी कैंप से तो वॉल्वो और स्लीपर बसों का ही संचालन हो पाया। ऐसे में अभ्यर्थियों के साथ यात्री भी परेशान नजर आए। परीक्षा को देखते हुए अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए विद्याधर नगर डिपो, बदरवास तिराहा, ट्रांसपोर्ट नगर और तारों की कूंट पर अस्थाई बस स्टैंड बनाए गए थे। इन बस स्टैंडों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ जुटी रही। यहां से साधारण और द्रुतगामी बसों का संचालन किया जाना था, लेकिन स्थिति यह थी कि बस आने के साथ ही भर रही थी। शाम की पारी के बाद तो वहां परीक्षा देने वालों की भीड़ बसों के इंतजार में खड़ी थी।

अस्थाई बस स्टैंडों पर यात्रियों की भीड़ होने का प्रमुख कारण परीक्षा के साथ खाटूश्यामजी का मेला भी था। यहां पर परीक्षा देने आने वालों में सर्वाधिक लोग शेखावाटी के सीकर, झुंझुनूं, चूरू और नागौर जिले से थे। रोडवेज की बसें नहीं मिलने के कारण इन यात्रियों को निजी बसों की तरफ रूख करना पड़ा।

खाटूश्यामजी मेले के श्रद्धालुओं और शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की भीड़ शनिवार शाम को जब जयपुर की सड़कों पर उतरी तो सीकर रोड़ पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया।

खोया पाया

मेरे मकान 122/48, मानसरोवर जयपुर का Allotment Letter कहीं खो गया। कृपया मिलने पर संपर्क करें। 9351624788

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी श्रीमती द्रोपती लखानी पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार लखानी के नाम से आवासीय मकान नं. 115/117, ब्लॉक नं. 115, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) में स्थित है, जिस पर मेरी माताजी श्रीमती द्रोपती लखानी पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार लखानी ने एचडीएफसी लिमिटेड से जरिये ऋण खाता संख्या 642595686 से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त आवासीय मकान नं. 115/117, ब्लॉक नं. 115, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे हैं। यह कि मेरी माताजी श्रीमती द्रोपती लखानी का दिनांक 04.06. 2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त आवासीय मकान नं. 115/117, ब्लॉक नं. 115, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूँ यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, शाखा सी- 25, भगवान दास रोड़, सी-स्कीम, जयपुर (टोल फ्री नं. 18002100018) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।

(किशोर कुमार लखानी)
पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार लखानी, निवासी 115/117, प्रताप नगर, सेक्टर-11, जयपुर-302033 (राज.) मो.नं. 8963873892

नाम परिवर्तन

I have Changed my Name from Naseemuddin Qureshi to Mohd. Naseem Uddin in Future 31-32, Kirdar Bulding Mohalla Billochiyan Bas Badanpura, Jaidpur.

मेरे पास पोर्ट संख्या K1162739 में मेरा नाम पवन कुमार (Pavan Kumar) अंकित है। जबकि मेरा वर्तमान और वास्तविक नाम पवन अग्रवाल (Pavan Agrawal) पुत्र श्री हरिओम अग्रवाल है। भविष्य मे मुझे पवन अग्रवाल नाम से जाना जावें। निवासी 28, कृष्णा नगर, पत्रकार कॉलोनी रोड, मानसरोवर, जयपुर (राज.)

वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। भांकरोटा थाना पुलिस ने चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है। पुलिस ने बताया आरोपित मुकेश बावरिया (19) निवासी गांव सरथला फुलेरा, काना बावरिया (20) निवासी बदरवास मानसरोवर, राजू उर्फ़ बाबल्या (20) निवासी भांकरोटा और बजरंग (19) निवासी दूदू को गिरफ्तार कर इलाके से चुराई गई एक बाइक बरामद की गई है।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पेपर लीक के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने 4 मार्च को विधानसभा के घेराव का एलान किया

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा युवा मोर्चा की बैठक ली और युवा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।
- डॉ. पूनिया ने कहा, पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, माफिया और गैंगस्टर्स का बढ़ता आतंक तथा किसान कर्ज माफी कांग्रेस सरकार के पतन के बड़े कारक होंगे

जयपुर, (कासं.)। पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, किसान कर्जमाफी इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर मार्च के पहले सप्ताह में युवा मोर्चा द्वारा विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारियों को लेकर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने बैठक लेकर मार्गदर्शन दिया एवं रणनीति पर चर्चा की।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. पूनिया ने कहा कि, प्रदेश में कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के कुशासन से आमजन परेशान है और नौजवान हैरान, निराश एवं आक्रोशित है, जो कांग्रेस सरकार की विदाई के लिये तैयार है। भाजपा ने पहले भी कई बार जयपुर से लेकर सभी जिलों में सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस सरकार के कुशासन खिलाफ आंदोलन एवं धरने प्रदर्शन कर मजबूती से लडाई लड़ी। भाजपा युवा मोर्चा से आव्हान किया है कि एक बार फिर सड़क पर उतरकर राज्य की युवा और किसान विरोधी कांग्रेस सरकार को जगाने का काम किया जाएगा।

पूनिया ने कहा कि, कांग्रेस सरकार के साढ़े 4 साल के शासन पर पेपर लीक काला धब्बा है, जो इनके शासन में 18 से अधिक बार पेपर लीक चुके हो चुके हैं, जिसमें सरकार में बैठे लोगों के तार पेपर लीक माफियाओं से जुड़े हुये हैं, लेकिन मुख्यमंत्री गहलोत उन्हें संरक्षण देने का काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें पेपर माफियाओं पर शिकंजा कसकर युवाओं को न्याय देना चाहिये। बार-बार पेपर लीक होने से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने नौजवानों के सपने तोड़ने का काम किया है, पेपर लीक प्रकरण से प्रदेश का युवा अवसाद में जाकर आत्महत्या कर रहा है। पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, माफिया और गैंगस्टर का बढ़ता आतंक और किसान कर्जमाफी कांग्रेस सरकार के पतन के बड़े कारक होंगे, जिससे हमेशा के लिये राजस्थान से कांग्रेस का अंत हो जायेगा।

बैठक में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजकुमार बिवाल, चंद्रवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ, नरेन्द्र पिलानिया, विपुल शर्मा, प्रदेश मंत्री रामकेश मीणा, विनोद सिंह, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य आईदान सिंह भाटी इत्यादि सहित प्रदेश के सभी जिलों के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी उपस्थित थे।

बोर्ड अध्यक्ष ने अध्यापक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने से इनकार किया

- जोधपुर में पुलिस द्वारा कई अभ्यर्थियों से संदिग्ध प्रश्न पत्र बरामद करने के बाद पेपर लीक की बातों को अफवाह बताया

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने कहा है कि शनिवार को हुई विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक जैसी कोई बात नहीं हैं। शर्मा ने इस परीक्षा से पहले शनिवार सुबह जोधपुर में पुलिस द्वारा कई अभ्यर्थियों से संदिग्ध प्रश्न पत्र बरामद करने के बाद पेपर लीक की बातों एवं अफवाह पर मीडिया से कहा कि प्रश्न पत्र लीक जैसी कोई बात नहीं है। अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिला पुलिस ने संदिग्ध प्रश्न पत्र को असली प्रश्न पत्र से मिलान कर लिया और एक भी प्रश्न का मिलान नहीं हुआ है। शर्मा ने कहा कि जिला पुलिस जांच कर रही है और ऐसे समय में कई ठग गिरोह सक्रिय है जो फर्जी प्रश्न पत्र दे देते हैं, जिससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को अफवाहों के चक्कर में नहीं आना चाहिए। परीक्षा अपने निर्धारित समय पर होगी और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। नेटबंदी पर बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रशासन का विवेकपूर्ण निर्णय था और सुबह वाले पेपर में अधिकांश जगहों पर कहीं नेटबंदी नहीं की गई। परीक्षा में दो प्रश्न सिलेबस के बाहर से आने के बारे में उन्होंने बताया कि इस पर विशेषज्ञों की समिति गठित कर दी गई है, वह निर्णय देगी उसके हिसाब से तय किया जायेगा।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 38/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रवि कुमार जायसवाल पुत्र श्री अशोक कुमार जायवाल, निवासी जायसवाल भवन राजपूत कॉलोनी, मिड़वे होटल के सामने, जयपुर रोड, दौसा, जिला दौसा ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत नीलकण्ठ फाउण्डेशन जायसवाल भवन राजपूत कॉलोनी, मिड़वे होटल के सामने, जयपुर रोड, दौसा, जिला दौसा प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 28.04.2023

रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

मोहर अदालत